राजस्थान सरकार
**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर**

**क्रमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/**1097 **दिनांक–**16/12/2021

## आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश संख्या 28/2021–22 दिनांक 30.09.2021 के द्वारा श्री सोहन लाल अग्रवाल (लिंक नम्बर 5768), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण निदेशक, सामाजिक अंकेक्षण विभाग, जयपुर से निदेशक, महात्मा गांधी नरेगा, जयपुर किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री सोहन लाल अग्रवाल द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री सोहन लाल अग्रवाल को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक** 16.12.2021 **को मध्याह्न पश्चात् एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री सोहन लाल अग्रवाल नवीन पदस्थापन स्थान निदेशक, महात्मा गांधी नरेगा, जयपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp1-ta-rj@nic.in/दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त के अतिरिक्त श्री सोहन लाल अग्रवाल को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के सम्बन्ध में **अपना स्पष्टीकरण** 3 कार्यदिवसों में निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

(राधेश्याम मीणा)
**निदेशक**

**क्रमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/**1097 **दिनांक–**16/12/2021

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निदेशक, सामाजिक अंकेक्षण विभाग, जयपुर।
3. निदेशक, महात्मा गांधी नरेगा, जयपुर।
4. श्री सोहन लाल अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय–निदेशक, सामाजिक अंकेक्षण विभाग, जयपुर।
5. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)